# डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय,
(राज्य विश्वविद्यालय, म.प्र. शासन)
डॉ. अम्बेडकर नगर (महू)–453441 जिला–इन्दौर (म.प्र.),

# Dr. B. R. Ambedkar University of Social Sciences,
(State University, Government of M.P.)
Dr. Ambedkar Nagar (Mhow)-453441 Dist-Indore (MP)


---

## अति आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त संकायाध्यक्षों, अधिकारियों, परामर्शियों, अतिथि विद्वानों, कर्मचारियों एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि कल **दिनांक 04 जून, 2021 को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, म.प्र. शासन** की ओर से **विश्वविद्यालय के बुद्ध विहार में 18+** के विश्वविद्यालय में निवासरत अधिकारी एवं कर्मचारियों, महू तहसील क्षेत्र में निवासरत विद्यार्थी एवं शोधार्थियों एवं उनके परिवारजनों को वेक्सीन लगाई जाने हेतु प्रशासन द्वारा वेक्सीनेशन कैम्प का आयोजन **प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे** तक किया जा रहा है। यह विश्वविद्यालय के लिये अत्यंत ही गौरव की बात है कि विश्वविद्यालय में वेक्सीनेशन किया जा रहा है। इसलिए सभी को वेक्सीन लगवाना अत्यंत आवश्यक है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। वेक्सीनेशन कार्य हेतु निम्नलिखित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जो निम्नानुसार है –

| क्र. | प्रभारी का नाम एवं विवरण | जिम्मेदारी | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री हुकुम सिंह एवं<br>श्री अमित | समस्त 18+ के आउटसोर्स कर्मचारियों को वेक्सीनेशन लगवाना। साथ ही वेक्सीनेशन प्रांरभ होने से लेकर समाप्त होने तक सुरक्षा व्यवस्था की सम्पूर्ण जिम्मेदारी कोविड प्रोटोकॉल के नियमों का पालन करते हुये आपके द्वारा सुनिश्चित की जावेगी। | आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए सुबह 9.00 से 10.30 बजे तक |
| 2. | डॉ. अरूण कुमार,<br>सहायक प्राध्यापक<br>श्री विजय अम्बाडे | समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं उनका परिवार | समय सुबह अवगत कराया जायेगा। |
| 3. | डॉ. नवरतन बोथरा<br>परामर्शी<br>श्री रविन्द्र भंवर | समस्त द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारी एवं उनका परिवार | समय सुबह अवगत कराया जायेगा। |
| 4. | डॉ. कौशलेन्द्र वर्मा,<br>सहायक प्राध्यापक | समस्त संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष अपने आस–पास के क्षेत्रों में निवास कर रहे छात्रों की सूची तैयार करें जो विश्वविद्यालय परिसर में वेक्सीनेशन के लिये आ सके, वैसे छात्रों की मोबाईल न. सहित सूची तैयार कर तत्काल डॉ. कौशलेन्द्र वर्मा, सहायक प्राध्यापक को उपलब्ध कराये, जिससे वह वैक्सीनेशन हेतु सूची तैयार कर सके। | समय सुबह अवगत कराया जायेगा। |
| 5. | श्री प्रदीप कुमार एवं<br>डॉ. दीपक कारभारी<br>सेंटर प्रभारी | समस्त कोविड प्रोटोकॉल के नियमों एवं सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क, सेनेटाईज के साथ वेक्सीनेशन बुद्ध विहार में लगवाना सुनिश्चित करवाये। बुद्ध विहार हॉल सेनेटाईज करवाना। कल सुबह, दोपहर और शाम तीनों | समय सुबह अवगत कराया जायेगा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | टाईम सेनेटाईज करवाये। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम को चाय एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था। | |
| 6. | श्री संजीव खोब्रागडे | स्वास्थ्य विभाग की टीम के लिये बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं उनके बैठने हेतु चार टेबल सफेद कपडे के साथ एवं उनके लिये सेनेटाईजर की व्यवस्था सुनिश्चित करें। | |
| 7. | श्री एम.सी. विल्सन<br>डॉ विशाल पुरोहित<br>डॉ. कृष्णा सिन्हा<br>श्री जितेन्द्र पाटीदार<br>श्री रविन्द्र भंवर | बुद्ध विहार में वेक्सीनेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। वेक्सीनेशन हेतु भीड नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये।<br>एक बार में 10 व्यक्तियों से ज्यादा वहां पर उपस्थित न रहें। सिर्फ वहीं व्यक्ति वहां आयेगा जिसे वेक्सीन लगना है। दूसरा कोई भी व्यक्ति वहां पर खड़ा न रहें। | |
| 8. | श्री नारायण नहारे एवं<br>श्री मायाराम | स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ कम्प्यूटर पर रजिस्ट्रेशन कार्य हेतु। | |

यह कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण है इसे जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करना अति आवश्यक है। आपको प्रदत्त कार्यो के अधीन विशेष ध्यान दें कोई भी वेक्सीनेशन से छुटे नहीं। आपको, सभी को टीकाकरण के प्रति जागरूक करते हुये शत–प्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करना है, किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये, जिन्हें जिम्मेदारी दी गई वह सभी की भारत सरकार के पोर्टल https://www.cowin.gov.in पर पूंजीकृत सूची तैयार करवाकर **आज ही कुलपति सचिवालय में (शंकर गोहिल 9770443793) प्रेषित करें,** जिससे स्लाट तय कर समय पर वेक्सीन लगवाने हेतु सूचित किया जा सके। सूची आज ही भेजना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। इस कार्य को अत्यंत प्राथमिकता से पूर्ण करें। **सभी अपना कार्य अभी से प्रांरभ करना सुनिश्चित करें।**

इसके अतिरिक्त सभी विभाग प्रमुख अपने अधिनस्त कर्मचारी जो केम्पस में रहते हैं या केम्पस के बाहर रहते है, उनको एवं उनके परिवार को वेक्सीन लगवाना सुनिश्चित करें। यदि कल कोई भी कर्मचारी या उसका परिवार छुटता है तो इसकी जिम्मेदारी विभाग प्रमुख की होगी।

सेंटर पर वेक्सीन लगवाने हेतु आने वाले को कोविड प्रोटोकॉल के नियम जैसे सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क एवं सेनेटाईजर के साथ अपना स्वयं का आधारकार्ड और वह मोबाईल नम्बर जो आधार नम्बर में पंजीकृत है, वह मोबाईल साथ में लाना अनिवार्य है।

वेक्सीनेशन कार्य पूर्ण होने के बाद दूसरे दिन गठित टीम सदस्य को वेक्सीनेशन लगने की रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

माननीय कुलपति महोदया आदेशानुसार,

सहायक कुलसचिव (प्रशा)

प्रतिलिपि :

1. कुलपति के निजी सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निज सहायक की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
3. संबंधितों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहायक कुलसचिव (प्रशा)